सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - ३ अंक -७५ सोमवार –०४/०५/२०२६ पृष्ठ – ३ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

मधुसुदन शर्मा की कल से

### नाकेबंदी से युद्ध का दुसरा मोर्चा

अमेरिका और ईरान के बीच सीधा संघर्ष रुका है, लेकिन हॉर्मुज स्ट्रेट पर नाकेबंदी से तनाव बढ़ गया है। दोनों पक्ष उकसाने वाले बयान दे रहे हैं और समुद्री आवाजाही ठप है। अमेरिका आर्थिक दबाव बना रहा है, पर ईरान पर असर सीमित है। लंबे गतिरोध से वैश्विक अर्थव्यवस्था, तेल आपूर्ति और आम लोगों पर गंभीर असर पड़ सकता है। अमेरिका और ईरान के बीच ८ अप्रैल के बाद से कोई सीधा संघर्ष नहीं हुआ है। पिछले दिनों जब दो हफ्ते का संघर्षविराम खत्म हुआ, तो तमाम धमकियों के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप ने इसे और आगे खिसका दिया। इससे लगा कि तनाव के बावजूद दोनों पक्ष शांति चाहते हैं। हालांकि अब यह लड़ाई हॉर्मुज स्ट्रेट पर नाकेबंदी के रूप में दूसरा रूप ले चुकी है और ट्रंप के ताजा आदेश के बाद गतिरोध और गहरा सकता है। उकसाने वाले बयानरू अमेरिकी राष्ट्रपति ने आदेश दिया है कि अगर कोई ईरानी नाव हॉर्मुज में बारूदी सुरंग बिछाती मिलती है, तो उसे देखते ही उड़ा दिया जाए। इससे पहले ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि उनके सैनिक हॉर्मुज के पास गुफाओं में तैयार बैठे हैं। इन बयानों से जाहिर है कि दोनों ही पक्ष एक-दूसरे को उकसा रहे हैं। लेकिन, जब हालात इतने तनावपूर्ण हों, तब ऐसे कदम गंभीर रूप ले सकते हैं। हॉर्मुज से इस समय आवाजाही बिल्कुल ही बंद है। अमेरिकी नौसेना ने तेहरान के बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है, और बदले में ईरान भी किसी जहाज को खाड़ी पार करने नहीं दे रहा। इस तरह की स्थिति तब भी नहीं बनी थी, जब जंग चल रही थी। उस दरम्यान बीच-बीच में कुछ जहाजों को हॉर्मुज से गुजरने की इजाजत मिल गई थी।अमेरिका और ईरान एक-दूसरे के हद की परीक्षा ले रहे हैं और इसकी कीमत दुनिया को चुकानी पड़ रही है। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि उसकी नाकेबंदी की वजह से तेहरान को हर दिन ५० करोड़ डॉलर का नुकसान हो रहा है। आर्थिक दबाव बनाकर ट्रंप अपनी शर्तों पर ईरान को बातचीत की मेज पर लाना चाहते हैं। ट्रंप जितना दबाव बनाएंगे, प्रतिरोध की भावना उतनी ही प्रबल होगी।

## ईरान का दावा भारतीय जहाज के गुजरने से रोक नही होर्मुज से , ईरान मे भारतीयो की सुरक्षा ईरान की प्रथमिकता

### भारत मे ईरान के राजदुत ने कहा 90 प्रतिशत चाबहार का काम पुरा




भारत में ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि संघर्ष के बावजूद ईरान होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सहित सभी दोस्त देशों के जहाजों पर किसी तरह की रोक नहीं है।

एक इंटरव्यू में फतहाली ने कहा कि जो देश ईरान के खिलाफ अमेरिका–इजराइल की कार्रवाई में शामिल नहीं हैं, उनके जहाज सामान्य तरीके से होर्मुज से गुजर सकते हैं। कई भारतीय जहाज इस रास्ते से गुजर भी चुके हैं। उन्होंने चाबहार पोर्ट को रीजनल कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहद अहम बताते हुए कहा कि यह परियोजना लगातार आगे बढ़ रही है और कभी रुकी नहीं है। फतहाली के मुताबिक चाबहार–जोहेदान रेलवे लाइन का लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और जल्द ही रेल लाइन बिछाने का काम खत्म हो जाएगा। फतहाली ने यह भी कहा कि ईरान में रहने वाले करीब 10 हजार भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तय करना सरकार की प्राथमिकता है। ईरान भारतीयों और अपने नागरिकों में कोई भेदभाव नहीं करता है।

ईरान बोला– होर्मुज को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना देंगे

ईरान के सीनियर अधिकारी मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। मोहसिन रजाई पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड में कमांडर रह चुके हैं।

उन्होंने अमेरिकी सेना को समुद्री लुटेरा (पाइरेट) बताते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया का इकलौता ऐसा पाइरेट है जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं।

रजाई ने पिछले महीने इस्फहान में एक अमेरिकी एफ–15 ई विमान गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का भी अंजाम हो सकता है।

## जबलपुर क्रुज हादसा एक परिवार के दो बच्चे बचे , परिजन के शव भी मिले

### 10 वर्षीय पुवीथरन कुछ दुरी पर तैर रहा था , रस्सी के सहारे बचाया गया



जबलपुर क्रूज हादसा–एक परिवार के 2 बच्चे बचे परिजन के शव मिले, 2 लापता 10–वर्षीय पूवीथरन कुछ दूर तैरा, रस्सी के सहारे बचाया

जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज पलटने से तमिलनाडु के एक ही परिवार के कई सदस्य डूब गए। परिवार के 7 सदस्यों में से केवल 10 साल का पूवीथरन और उसकी 12 साल की कजन ही सुरक्षित बच पाए हैं। अब तक तीन शव बरामद हो चुके हैं, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। हादसे में बचे 10 वर्षीय पूवीथरन ने उस डरावने मंजर को याद करते हुए बताया कि शुरुआत में मौसम बिलकुल साफ था। क्रूज पर एक बच्चे का जन्मदिन भी मनाया गया। वापस लौटते समय तेज हवाएं चलने लगीं और लहरें बेकाबू हो गईं।

पूवीथरन के मुताबिक, क्रूज पर केवल बच्चों ने लाइफ जैकेट पहनी थी। जब क्रूज बुरी तरह हिलने लगा, तब बाकी लोगों ने जैकेट पहनना शुरू किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। क्रूज पलटने के बाद मैं लहरों से लड़ते हुए किनारे की ओर आ रहा था, तभी एक व्यक्ति ने रस्सी फेंककर उसकी जान बचाई।

## दिल्ली में 4मंजिला बिल्डिंग में ऐसी मे धमाके से आग।

### घटना में दो लोग घायल करीब 15 को बाहर निकाला



दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में एक चार मंजिला बिल्डिंग में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। रेस्क्यू और आग बुझाने के दौरान बिल्डिंग से 10–15 लोगों को बचाया गया। घटना में दो लोग मामूली रूप से घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल भेजा गया है। आग दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल के फ्लैट्स में लगी थी। मौके पर 12 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौजूद थीं। साथ ही ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस की टीमें भी तैनात थीं।

एक स्थानीय निवासी रोहित ने बताया कि रात करीब 3रू13 बजे ।ब में धमाके से घर में आग लगी। हादसे की सूचना पर फायर ब्रिगेड करीब 3रू35 बजे पहुंची। कई लोगों को बालकनी और खिड़कियों के जरिए बाहर निकाला गया। शाहदरा के डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे हमें आग लगने की सूचना मिली थी। कॉल मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया।

उन्होंने बताया कि अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है, ताकि किसी और के फंसे होने की जांच की जा सके। एक स्थानीय निवासी चरणजीत सिंह ने बताया कि अभी भी 1–2 परिवार इमारत के अंदर फंसे हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि 10 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर आ थीं। करीब 20 लोगों को बालकनी और खिड़कियों के जरिए बाहर निकाला गया। पीछे वाले फ्लैट के कुछ लोग बाहर निकल गए होंगे, लेकिन 1–2 परिवार अभी भी अंदर फंसे हो सकते हैं।

## बरगी डेम क्रुज हादसे में पायलट समेत 3 बर्खास्त 1 सस्पेंड , हादसे में माँ बेटे की तस्वीर ने कर दिया देश को विचलीत

### *माँ के सीने से लगाई हुई बेटे तस्वीर से सोशल मिडिया पर लोगो की भावनाए सामने आने लगी है*



मध्य प्रदेश के जबलपुर क्रूज हादसे में अब तक 9 शव मिल चुके हैं। तीन बच्चों सहित 4 लोग लापता हैं, जिनका शुक्रवार देर शाम तक पता नहीं चल सका था। तेज बारिश होने की वजह से अभियान रोकना पड़ा। शनिवार सुबह 5 बजे से एक बार फिर सर्चिंग की जाएगी। मामले में क्रूज पायलट महेश पटेल, हेल्पर छोटेलाल गोंड और टिकट काउंटर प्रभारी बृजेंद्र की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। वहीं, होटल मैकल रिसॉर्ट और बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया है। रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। 47 पर्यटक सवार थे, 29 टिकट कटी थीं – बता दें कि जबलपुर में नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में गुरुवार शाम करीब 5 बजे एमपी टूरिज्म का पर्यटकों से भरा क्रूज डूब गया था। इस पर लगभग 47 पर्यटक थे। टिकट सिर्फ 29 लोगों की कटी थी ।हादसा किनारे से करीब 300 मीटर दूर हुआ। जिस समय क्रूज डूबा, उस वक्त हवा की रफ्तार 74 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल मिश्रा के मुताबिक एसडीआरएफ ने कई लोगों को बचाया, लेकिन अंधेरा और खराब मौसम से राहत कार्य प्रभावित हुआ।

मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपए – हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवार जनों को दो–दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। शाम को उन्होंने घटनांश्र स्थल का जायजा लिया। हादसे में बचे लोगों से भी मिले। इस हादसे मे मा से लिपटे बैटे की तस्वीर ने पुरे देश को निशब्द कर दिया ।लोगो की सोश्ल मिडिया के माध्यम से भावनाए बाहर आ रही है । मा ओर बेटे मृत थे ओर मा के सीने से बेटा लिपटा मिला।

## पुरानी रंजिश के चलते 10 लोगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा , युवक की हालत गंभीर

जिले के जावद थाना क्षेत्र के नयागांव चौकी में शुक्रवार को कुछ लोगो ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। जावद रोड स्थित एक मांगलिक भवन के बाहर 8 से 10 लोगों ने उसे घेरकर लाठी–डंडों और धारदार हथियार से हमला किया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। घायल युवक को तुरंत नयागांव अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल नीमच रेफर करदिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल की पहचान नयागांव की गांधी कॉलोनी निवासी तुलसीराम पिता नंदराम खारोल (36) के रूप में हुई है। तुलसीराम ने बताया कि वह शुक्रवार को जावद रोड स्थित एक मांगलिक भवन में कार्यक्रम में भोजन करने गया था। जैसे ही वह बाहर निकला, पहले से घात लगाए बैठे चेतन, अमित, विजय, अंकित, मदनलाल, प्रकाश, दिनेश, राजेश और मुकेश खटीक सहित अन्य लोगों ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

# SWATANTRA BODDHIK PATRA


खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/ | होम पेज पर केटेगिरी मे जाए | ई-पेपर केटेगिरी चुने | समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे ! |

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल

# https://sbpatra.in/

# से डाउनलोड कर सकते है।

## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध